आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
Subscribe NOW



# भारत रत्न राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**तैयारियों का जायजा लेने वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव पहुंचे पार्क**

**रांची।** राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान परिवार के सौजन्य से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की प्रतिमा का अनावरण होगा। अनावरण की तैयारियों का जायजा लेने झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अपने सहयोगी आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू के साथ पार्क पहुंचे। शहर के मुख्य चौक चौराहों पर राजीव गांधी जी का होर्डिंग लगाया गया है एवं पार्क को भी सजाया जा रहा है। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारे पुराने साथी पूर्व मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती के योगदान, उनके विचार और मूर्ति निर्माण में उनके सहयोग से उनकी स्मृति में प्रतिमा लगायी जा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि राजीव गांधी आज भी प्रासंगिक हैं और आने वाले समय में भी रहेंगे। उन्होंने पूरे देश के हर घर और हर हाथ में मोबाइल दिया और आज मोबाइल के बिना देश अधूरा है। आलोक कुमार दुबे ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 20 अगस्त को पूर्वाह्न 11.30 बजे प्रतिमा का अनावरण वित्त मंत्री के कर कमलों से होगा। पद्मश्री मुकुंद नायक अपनी सांस्कृतिक टीम के साथ मौजूद रहेंगे। आलोक दुबे ने कहा कि राजीव गांधी के योगदान को हम याद करते हैं, लेकिन उनकी प्रतिमा लगाने में हमने वर्षों समय लगा दिया। राज्य की जनता डॉ रामेश्वर उरांव को धन्यवाद दे रही है, जिनके अथक प्रयासों से राजीव गांधी की प्रतिमा स्थापित हो रही है। राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक एचइसी उद्यान परिवार के सभी सदस्य गण, जिसमें मुख्य रूप से गोपाल कृष्ण झा, गोपाल प्रसाद, शिवाजी सिंह, जगदीश कुशवाहा, सुरेश केरकेट्टा, दीनानाथ प्रसाद, कन्हैया प्रसाद सिंह, उमाकांत सिंह, शशिकांत झा, देवनाथ सिंह, भागीरथ ठाकुर, तिलकधारी प्रसाद, सुरेश प्रसाद, एसएन पाठक के सहयोग से अनावरण समारोह को सफल बनाया जा रहा है।

## हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

# व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता में हुई थी जूस दुकान संचालक की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के बरियातू के चिरौंदी में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो सगे भाइयों अशोक कुमार गुप्ता और धर्मेंद्र कुमार गुप्ता के साथ उनके सहयोगी विजय उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों भाइयों की गिरफ्तारी पहाड़ी मंदिर के पीछे से हुई, जबकि विजय की गिरफ्तारी मान्या पैलेस के समीप से हुई है। इनके पास से एक लोडेड पिस्टल, 14 गोली, एक देशी कट्टा, दो मोबाइल, एक बुलेट और घटना के वक्त पहने हुए कपड़े बरामद किये गये हैं।

रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता की वजह से मुकेश साव और उसके स्टॉफ रोहन की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। मुकेश साव और उसका स्टॉफ रोहन कुमार 11 अगस्त की रात जूस की



दुकान बंद कर घर जा रहे थे। इसी दौरान बुलेट पर सवार अशोक कुमार गुप्ता और धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने दोनों की चिरौंदी में गोली मार कर हत्या कर दी। एसएसपी ने बताया कि रांची जूस सेंटर के मालिक धर्मेंद्र और अशोक ने मुकेश कुमार के जूस के बढ़ते कारोबार से परेशान होकर दोनों की हत्या कर दी। मुकेश साव ने मोरहाबादी में तीन जूस सेंटर खोल रखा था और वह चौथे जूस सेंटर खोलने की तैयारी में था। इससे रांची जूस सेंटर के मालिक को आपत्ति थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। सीसीटीवी फुटेज की जांच में यह बात भी सामने आयी थी कि मुकेश और रोहन से दोनों अपराधियों ने पहले बातचीत की और फिर दोनों को गोली मार दी।

एसएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआइटी का गठन किया किया। एसआइटी टीम ने बिहार के औरंगाबाद और गया में छापेमारी की। दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद अशोक और धर्मेंद्र दोनों बिहार भाग गये थे। पुलिस के भारी दबाव की वजह से दोनों आरोपित कोर्ट में सरेंडर करने की भी प्लानिंग कर रहे थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इस हत्याकांड में धर्मेंद्र और अशोक की मदद करनेवाले विजय उरांव को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

हत्याकांड को अंजाम देने के लिए धर्मेंद्र और अशोक ने औरंगाबाद से 70 हजार में दो हथियार और गोलियां खरीदी थीं। शुक्रवार की रात एसआइटी को जानकारी मिली थी कि धर्मेंद्र और अशोक दोनों ही बंगाल से रांची पहुंच कर एक परिचित के घर पनाह लिये हुए हैं। सूचना मिलने के बाद स्पेशल टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने यह खुलासा किया है कि जूस के बढ़ते बिजनेस को लेकर ही उन्होंने मुकेश और उसके स्टाफ की हत्या की थी। हत्या में प्रयोग किये गये हथियार को कांके ब्लॉक चौक से बरामद किया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आम्रेश्वर धाम में मनायी हरियाली तीज



रांची (आजाद सिपाही)। हरियाली तीज पर्व के अवसर पर मोराबादी मानवी क्लब की महिलाओं ने खूंटी जिला स्थित अंगरा बारी शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर अपने सौभाग्य, पर्यावरण संरक्षण सहित विश्व कल्याण की कामना की। क्लब की दो दर्जन से भी अधिक की संख्या में प्रगतिशील महिलाओं का जत्था रूपम झा के नेतृत्व में आम्रेश्वर धाम पहुंचकर भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। टीम की सदस्या किरण सिंह ने बताया कि आदि काल से यह पर्व महिलाओं के द्वारा विशेष साज सज्जा एवं परंपरागत श्रृंगार कर अपने अखंड सौभाग्य के लिए मनाती है एवं देवी देवताओं से आशीर्वाद लेती हैं। क्लब की वरिष्ठ सदस्या ध्रुव तनवानी ने बताया कि हरियाली तीज के पर्यावरण सुरक्षा का भी संदेश छिपा है। क्लब की महिलाएं पृथ्वी की हरीतिमा के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सदैव संकल्पित रहती हैं। हरियाली तीज मनाने पहुंची महिलाओं में सुषमा सिंह, किरण अंबे सिंह, रानी सिंह, प्रीति झा, रेखा, मीनाक्षी पांडेय आदि ने पूजा अर्चना के साथ साथ गीत संगीत एवं पौधरोपण आदि कार्यों को संपन्न की।

### श्री राधाकृष्ण दरबार में विशेष श्रृंगार



रांची (आजाद सिपाही)। श्री राधाकृष्ण मंदिर श्री कृष्ण नगर कालोनी में शनिवार को हरियाली तीज के अवसर पर भगवान श्री राधा कृष्ण दरबार का विशेष श्रृंगार एवं बंगला सजाया गया। पंडित ज्ञान देव मिश्र औररामचंद्र उपाध्याय के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पूजा की गयी। भक्तों के द्वारा विशेष भोग लगाया गया। हरियाली तीज महोत्सव 19 अगस्त से 27 अगस्त तक चलेगा। इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण दरबार का विशेष श्रृंगार किया जायेगा एवं भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा तथा भक्तों के द्वारा विशेष भोग लगाया जायेगा। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ जो 21 अगस्त से 27 अगस्त शाम 3:30 बजे से 6:30 बजे तक चलेगा ,जिसमे वृंदावन से पधारे श्री मोहन श्याम दुबे जी के द्वारा भागवत कथा की जायेगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने दी।

### भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी

रांची (आजाद सिपाही)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य के पूर्व में भव्य शोभा यात्रा सुबह 7:00 बजे से निकाली जायेगी, जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र श्री लड्डू गोपाल जी की अलौकिक झांकी होगी, जो कृष्ण नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर में समाप्त होगी। तत्पश्चात्भक्तों के लिए प्रसाद रूपी विशेष भंडारा का वितरण किया जायेगा। शोभायात्रा में दुर्गा जागरण मंडली के गायकों द्वारा भजनों की गंगा बहायी जायेगी। 6 सितंबर दिन बुधवार श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनायी जायेगी। इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष तौर पर सजाया जायेगा एवं भजनों का विशेष कार्यक्रम होगा।

# सीसीएल में 15 माउंट एवरेस्ट विजेताओं का जुटान होगा आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में रविवार को 15 माउंट एवरेस्ट विजेताओं का जुटान होगा, ऐसा पहली बार होगा जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में ऐसे विजेता एक साथ दिखेंगे। सीसीएल मुख्यालय में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कार्मिक निदेशक (सीसीएल) एचएन मिश्रा ने बताया कि पहली बार एक साथ 15 पर्वतारोही (माउंट एवरेस्ट विजेता) सीसीएल में जुटेंगे जो कि एक ऐतिहासिक पल होगा, वे अपने साहस, अनुभव और विजय से संबंधित अनुभवों को लोगों के साथ साझा करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को साहस के जरिये हर शिखर को छूने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में सीसीएल के अलावा सीएमपीडीआइ, साइबर पीस फाउंडेशन, हीरो मोटोकार्प रेकी और अन्य का सहयोग है, इसकी शुरूआत कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद करेंगे। मौके पर राजीव गुप्ता, कनिष्क पोदार, प्रवीण राजगढ़िया सहित अन्य भी मौजूद थे। 20 अगस्त को जुटान कार्यक्रम में झारखंड की प्रेमलता अग्रवाल, हेमंत गुप्त, विनीता सोरेन शामिल होंगे यूपी से अरुणिमा सिन्हा, जम्मू कश्मीर से कर्नल रणवीर अग्रवाल, मध्यप्रदेश से मेघा परमार का आना तय है. महाराष्ट्र से मनीषा वाघमारे, कुंतल जोइशर, कर्नाटक से पियंका मोहिते, गुजरात से अदिति और अनुजा वैद्य भी शामिल होने वाले हैं समिट के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

## पथरगामा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर हमला बोला

# परिवारवादी पार्टियां जब तक सत्ता में रहेंगी झारखंड का विकास नहीं होगा : बाबूलाल

**झामुमो, कांग्रेस और राजद तीनों परिवारवादी पार्टियां झारखंड को लूट रही हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के तीसरे दिन शनिवार को पथरगामा पहुंचे। गोड्डा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने एक बार फिर हेमंत सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और परिवारवाद ने विकास को रोक रखा है।

झामुमो, कांग्रेस और राजद तीनों परिवारवादी पार्टियां झारखंड को लूट रही हैं। ये जब तक सत्ता में रहेंगे ,तब तक राज्य का विकास नहीं होगा। उन्होंने एक बार फिर यह दोहराया कि मुख्यमंत्री को मोरहाबादी मैदान में सभा आयोजित कर यह बताना चाहिए कि आदिवासी की जमीन लेनेवाले ये शिव सोरेन, हेमंत कुमार सोरेन, बसंत कुमार सोरेन और दुर्गा प्रसाद सोरेन कौन हैं?



उन्होंने कहा कि अपने आपको आदिवासियों का मसीहा बतानेवाले राज्य में सत्तासीन सोरेन परिवार ने कई जगहों पर आदिवासियों की जमीन ली है। ऐसे में गरीबों, आदिवासियों की जमीन कैसे बचेगी।

मरांडी ने कहा कि आज राज्य में अपराधी बेलगाम हैं। रोज हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं हो रहीं। गैंगवार हो रहे, लेकिन पुलिस अपराधियों को नहीं सरकार के खिलाफ बोलनेवालों को पकड़ती है। सरकार के खिलाफ ट्वीट करनेवालों को पकड़ती है। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में आदिम जनजाति परिवार के बीच बांटने के लिए केंद्र से मिले चावल को दलालों ने बेच दिया, लेकिन मुख्यमंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की।

जनसभा में सांसद निशिकांत दुबे, विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, जिलाध्यक्ष राजीव मेहता सहित काफी संख्या में जनता उपस्थित थी।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची के सभागार में एक दिवसीय इन हॉउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता, जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा, प्रशिक्षण कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन के. आर. झा एवं एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर रवि शेखर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीबीएसइ पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसका विषय था स्ट्रेसमैनेजमेंट। के आर. झा ने स्ट्रेस मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कुल 8 मॉड्यूल पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों के समक्ष महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवायीं। इस कार्यक्रम में अनेकानेक गतिविधियां सम्मिलित थीं जैसे खेल, प्रश्नोत्तरी, नाटक, गाना इत्यादि। इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सिमी मेहता ने कार्यक्रम को अति आवश्यक एवं इसे भविष्य में कारगर बताते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रवि शेखर ने कार्यक्रम को विशिष्ट बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम अवश्य ही शिक्षकों तथा उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद साबित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुचंद्रा डे, कुमारी वीणा एवं कंप्यूटर शिक्षकी राजर्षी सुराल एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। धन्यवाद ज्ञापन एके श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### जीवन का संघर्ष फुटबॉल मैच के समान: निर्मला भगत



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को शहीद प्रमोद -शमीम का शहादत दिवस मनाया गया। शहादत दिवस पर अंतर विद्यालय मेघा प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं फुटबॉल प्रतियोगिता शामिल किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रांची जिला परिषद के अध्यक्ष निर्मला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि फुटबॉल मैच का संघर्ष जीवन के संघर्ष के समान होता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कांके प्रखंड के प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने कहा कि क्षेत्र के गरीब छात्राओं के लिए प्रेमचंद महतो के द्वारा स्थापित विद्यालय एवं महाविद्यालय का संचालन मिल का पत्थर साबित हो रहा है। इस अवसर पर जिला परिषद के अध्यक्ष निर्मला भगत, कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, प्रेमचंद महतो, इंटर कॉलेज के उपाध्यक्ष मनरखन महतो, सचिव संजय कुमार, उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज के अध्यक्ष संतोष महतो, उपाध्यक्ष राम लखन मेहता, महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश यादव, विद्यालय के प्राचार्य उपेंद्र प्रसाद सिंह, शशिकला देवी, केतकी देवी, राजबल्लभ प्रसाद, मुखिया कुशल मुंडा, सुशीला देवी, सूर्य प्रकाश, नागेश्वर महतो सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आकाशवाणी रांची और डीएसपीएमयू ने युवा कार्यक्रम आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आकाशवाणी रांची और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में युवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को जी-20 उत्सव के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया।

जी-20 उत्सव के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम होने हैं, जिसमें शनिवार को पहले दिन का कार्यक्रम युवा आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत भाषण आकाशवाणी रांची की कार्यक्रम प्रमुख मेरी क्लॉडिया सोरेंग ने दिया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने अपने अभिभाषण में देश के विकास के बारे में, जी 20 सम्मेलन की अध्यक्षता के बारे में और अपनी माटी अपने देश के बारे में अपने विचार रखे।

**छात्रों के बीच हुईं कई प्रतियोगिताएं**

इस कार्यक्रम में छात्रों की रचनाशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए इस अवसर पर देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता और आशु भाषण प्रतियोगिता हुई। आशु भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों पर छात्रों ने अपने विचार रखे। आशु भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में डॉक्टर कमल कुमार बोस, कुमार संजय और अनिल किशोर सहाय थे। इसके बाद देशभक्ति गीतों की एक मधुर गीतों की प्रतियोगिता हुई। यह प्रतियोगिता सोलो और ग्रुप दो तरह के कार्यक्रमों में बटी हुई थी। सोलो कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बहुत सारे देश भक्ति गीत गाये। सभी ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया ग्रुप सॉन्ग के गीतों को भी अतिथियों ने बहुत पसंद किया।



**छात्रों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा**

इस कार्यक्रम का समापन आनंद प्रकाश सिंह एडीइ आकाशवाणी रांची के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, हिंदी विभाग के जिंदर सिंह मुंडा, अंग्रेजी विभाग के डॉक्टर विनय भरत और परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग की डॉ गीतांजलि सिंह उपस्थित थे। वहीं छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आकाशवाणी रांची के सभी कर्मी मौजूद थे। इस अवसर पर मृणालिनी अखौरी तथा रजत आनंद ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राजश्री प्रसाद ने किया।

**आगे होंगे ये कार्यक्रम**

25 अगस्त को सुबह 11.30 बजे से आदिवासी आर्थिकी एवं सतत विकास पर संगोष्ठी

27 अगस्त को शाम 5.00 बजे से रीझ रंग, आकाशवाणी के लोकगीत कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे-वात्सल्यम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 19 अगस्त, 2023 को सरला बिरला पब्लिक स्कूल के नर्सरी तथा केजी-1 के बच्चों ने ग्रैंड पैरेंट्स डे-वात्सल्यम मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दादा-दादी और गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए। सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर आधारित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य, कुलपति, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभा सिंह, संस्थापक निदेशक, मेरे नन्हे कदम, रांची इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थीं। इस अवसर पर हेसाग स्थित वृद्धाश्रम अपना घरह्य प्रेम नगर, उसुर्लाइन कॉन्वेंट, सिंह मोड़, लटमा रोड, हेसाग, रांची के विशेष अतिथियों को सादर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में केजी-1 और नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने सस्टेनबल डेवलपमेंट गोल विषय पर आधारित अपने प्रदर्शन से माहौल को खुशनुमा बना दिया। केजी-1 ए के बच्चों ने एसडीजी -15 लाइफ ऑन लैंड पर मनमोहक नृत्य ग्रीन कंजर्वर्स पेश किया। केजी-1 बी के छात्रों ने ऑल लाईफ मैटर्स विषय पर शानदार नृत्य रिदमिक वर्ल्ड से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। केजी-1 सी ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण की कोशिश करते हुए, पृथ्वी के रक्षक के रूप में अभिनय करते हुए अपने प्रदर्शन कॉनकॉर्डिया के साथ मंच पर धूम मचा दी। नर्सरी के बच्चे अपने नृत्य प्रदर्शन ब्लू सफायर्स के साथ आए, जिसमें बच्चों ने एसडीजी 14 लाईफ बिलो वाटर पर ध्यान केंद्रित करते हुए समुद्री दुनिया की जादुई यात्रा प्रस्तुत की।



मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने शिक्षण की आधुनिक और प्राचीन पद्धतियों को आपस में जोड़ने के स्कूल के प्रयासों की सराहना की, जो छात्रों को वर्तमान युग की शैक्षिक और रोजगारोन्मुख मांगों को पूरा करने में सक्षम बनाता है।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने ऐसे प्रासंगिक विषयों पर हर साल इस कार्यक्रम के संचालन के लिए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि बच्चों को जड़ों से जोड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि वे अपने दादा-दादी, नाना-नानी से जुड़े रहें। दादा-दादी उन्हें महान नेताओं की कहानियां सुनाते हैं जो उनके लिए प्रेरणा स्रोत का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि यह समय एक्स्पीरिएंसल लर्निंग का युग है और इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को रचनात्मक रूप से सोचना सिखाते हैं जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है।

### डीसी ने की जिले के सभी थाना प्रभारियों, सीओ व वन विभाग के रेंजरों के साथ बैठक, दिया निर्देश

# मादक पदार्थों की खेती के खिलाफ अधिकारी चलायें व्यापक अभियान

**अधिकारियों को जिला स्तरीय टीम गठित कर अभियान चलाने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र ने जिले के सभी थाना प्रभारियों, अंचलाधिकारियों और वन विभाग के रेंजर को अफीम की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने और मादक पदार्थों को चिह्नित करने का निर्देश दिया है। शनिवार को नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

मादक पदार्थों के नियंत्रण के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में एनसीकोर्ड से संबंधित सभी अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत सभी प्रतिवेदनों के बिंदुओं की समीक्षा की गयी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। डीसी ने अधिकारियों को मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के लिए जिला स्तरीय टीम का गठन करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को इस संबंध में व्यापक जागरूकता को लेकर बैठक आयोजित करने और अफीम की खेती की संभावित अवधि अक्टूबर से दिसंबर तक के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने को कहा। बीज आपूर्ति में संलिप्त दोषियों को चिह्नित करने का भी निर्देश दिया। साथ ही जिले की सीमाओं पर विशेष निगरानी को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं मुखिया के उपस्थिति में ग्राम सभा की बैठक कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने कहा कि आगामी 15 दिनों के अंदर सभी प्रखंडों में बैठक आयोजित कर संबंधित जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने वैकल्पिक खेती के तौर पर ड्रैगन फ्रूट, इमली, जेरेनियम, जैक फ्रूट, स्वीटकॉर्न, लेमन ग्रास आदि की उन्नत खेती के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया है।

## खूंटी में श्रद्धा के साथ की गयी मां मनसा की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी और आसपास के क्षेत्रों में नागों की देवी मां मनसा की पूजा-अर्चना पारंपरिक श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई। शुक्रवार को शुरू हुई दो दिवसीय पूजा-अर्चना हवन, आरती और विततरण के साथ शनिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर के महादेव टोली और मुरहू के माहिल गांव में मां मनसा देवी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। शहर के महादेव टोली में ठीबू नायक द्वारा वर्षों पूर्व प्रारंभ की गई मां मनसा देवी की पूजा में महादेव टोली और बड़ाईक टोली के नायक समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान शुक्रवार रात आठ बजे, मध्य रात्रि 12 बजे और शनिवार तड़के तीन बजे मां मनसा देवी की विशेष पूजा की गई। इससे पूर्व महादेव मंडा के समीप स्थित नया तालाब में पूजा के लिए विशेष अनुष्ठान किया गया। अनुष्ठान के बाद भक्त कृष्णा नायक द्वारा पवित्र कलश को शिरोधार्य कर बाजे



गाजे के साथ जुलूस निकाला गया, जो नेताजी चौक तक गया। फिर वहां से वापस आयोजन स्थल में पहुंचकर वहां पवित्र कलश को स्थापित की गयी। इस दौरान कई व्रती अपनी जीभ, गाल सहित शरीर के हिस्से को लोहे के तार से छेदकर जुलूस में शामिल हुए। कार्यक्रम में ठीबू नायक, योगेंद्र नायक सहित अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। दूसरी ओर मुरहू प्रखंड के माहिल गांव में दशकों से आयोजित परंपरागत मनसा देवी पूजा शनिवार को संपन्न हुआ। शुक्रवार की रात हुई विशेष पूजन अनुष्ठान में पीतांबर मांझी, गोवर्धन मांझी वीरेंद्र मांझी, फूलचंद मांझी आदि शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित छत्रपाल कर द्वारा संपन्न कराये गये। शनिवार को गांव के स्कूल मैदान में एक मेला का आयोजन हुआ। जिसमें पकड़े गए जहरीले सांपों का ग्रामीणों को दर्शन करा कर फिर इन सांपों को जंगल में छोड़ दिया गया। यहां आयोजित आयोजन में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशी नाथ महतो सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां मनसा देवी को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया।

## तोरपा में धोनी के फैंस हुए निराश लोग पुकारते रहे, नहीं रुके माही



आजाद सिपाही संवाददाता

**तोरपा।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर तोरपा की सड़कों पर रेंज रोवर कार में चालक की बगल वाली सीट में बैठे दिखे। पहली नजर में उन्हें पहचानना मुश्किल दिख रहा था, लेकिन फैंस ने उन्हें पहचान कर चिल्लाना शुरू कर दिया। फैंस उन्हें देखकर माही सर...माही सर चिल्लाते रहे, लेकिन धोनी रुके नहीं और तेज गति से तपकरा होते हुए रनिया मेन रोड से मरचा पहुंचे और वहां से रांची की ओर निकल गये। इस बीच फैंस उनकी एक झलक पाने के उतावले दिखे। हालांकि रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने वाहन जांच के दौरान उन्हें देख कर एक सेल्फी ले ली। ज्ञात हो कि लगभग 15 दिन पूर्व तोरपा से मुरहू की रास्ते में धोनी कार ड्राइव करते देखे गए थे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी खेल से सन्यास ले चुके हैं। फिलहाल आइपीएल के अलावा कहीं क्रिकेट खेलते दिखाई नहीं देते हैं। ऐसे में वह अपनी इस रिटायरमेंट वाली जिंदगी का पूरा लुत्फ ग्रामीण क्षेत्रों में ले रहे हैं।

## तमाड़ में शिविर का आयोजन, सखी मंडल की दीदियों व किसानों के बीच एक करोड़ पांच लाख की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** राजीव गांधी भवन के सभागार में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं जेसएलपीएस के सामूहिक समन्वय से बैंक लिंकेज, मुद्रा लोन, किसान क्रेडिट कार्ड के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ गिरिजा शंकर महतो, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक बंशीधर तूम्बियार, रघुवीर बैठा और प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रामकृष्ण महतो आदि शामिल थे। इस दिन शिविर में दूर-दराज से सखी मंडल की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। शिविर में 15 सखी मंडल की दीदियों को 6-6 लाख रुपये बैंक लिंकेज और 30 किसानों को 50-50 हजार (कुल एक करोड़ पांच लाख रुपये) की स्वीकृत की गई। शिविर को सफल बनाने में जेएसएलपीएस, से एफटीसी शशि भूषण महतो, बीएसपी रानी परवीन, सीसी पंचमी देवी, शालू कुमारी, अखिलेश्वर महतो, आइपीआरपी मेघनाथ महतो, बैंक सखी विमला देवी और प्रेमसोनी तिर्की का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विद्यार्थी परिषद ने बिरसा कॉलेज में चलाया सदस्यता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा महाविद्यालय में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की खूंटी इकाई के सदस्यों ने सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान कई प्राध्यापकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सदस्य बनाया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रो नुपूर कुमारी, प्रधान लिपिक विजय प्रधान सहित कई लोगों को सदस्यता दिलाई। प्रो नुपूर कुमारी ने कहा कि विद्यार्थियों का हक और अधिकार के लिए हमेशा विद्यार्थी परिषद खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को इस छात्र संगठन में जुड़ना चाहिए। विजय प्रधान ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के हित में काम करने वाला संगठन है। परिषद के सदस्य हमेशा अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं। इस मौके पर परषद के जिला संयोजक कमलेश महतो, मंगल कुम्हार, आदर्श राज, अजय जयसवाल, गौतम नाग, महावीर दास, नीलिमा श्वेता लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया अक्षय उर्जा दिवस




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अक्षय उर्जा दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि हमारे देश में नवीकरणीय उर्जा के विकाश और महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष अक्षय उर्जा दिवस मनाया जाता है। वहीं, शिक्षक एसके पांडेय ने कहा कि दुनिया में प्राकृतिक संसाधन बनाने और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अक्षय उर्जा दिवस मनाया जाता है। स्कूल के कक्षा नवम के छात्र आर्यन सिंह ने अक्षय उर्जा के महत्व पर विचार प्रकट किया।

## विधायक विकास मुंडा ने किया फुटबॉल प्रतियोगिता व फुटबॉल क्लब का उद्घाटन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सेलियंस फाउंडेशन के तत्वधान में शनिवार को सेलियंस फुटबॉल क्लब का उद्घाटन एवं एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन ताऊ मैदान में किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक विकास कुमार मुंडा ने किया। मैच में आठ टीमों ने भाग लिया। मैच में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ हेड ऑफ रेफरिज के एसेसर इंस्ट्रक्टर नवीन सुंडी के अलावा झारखंड फुटबॉल कमिटी सह रेफरी पोस्टिंग इंचार्ज रांची के सदस्य फरीद खान भी मौजूद थे। मैच में सभी टीमों को सेलियंस फाउंडेशन की ओर से जर्सी देकर सम्मानित किया गया। इस मैच में विजेता दीपक ब्रदर्स तमाड़ एवं उपविजेता नवयुवक संघ ताऊ रहे। विजेता टीम को 12 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी, जबकि उप विजेता टीम को आठ हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी दिया गया। इस अवसर पर उप प्रमुख सीमा देवी, मुखिया रोशनी लंग, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, मनोज मंडल, गुंजल इकिर सिंह मुंडा, सजल कुंडू, शिव नारायण महतो, डिप्टी महतो, विष्णु स्वांसी, चंद्रकांत महतो, पवन महतो, धनु स्वांसी, नरेश महतो, जीतु व इंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

## पांच परगना में हर्षोल्लास के साथ की गई मां मनसा की पूजा

**बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पूरे पांच परगना क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ सांपों की देवी मां मनसा की पूजा संपन्न हुई। गुरुवार व शुक्रवार को मां मनसा देवी के भक्त पूरे विधि विधान के साथ तालाब से कलश में जलभर कर पूजा स्थल तक लाए। इस दौरान कुछ भक्त अपनी जीभ में त्रिशूल और गाल में तार घुसा कर आगे-आगे चल रहे थे। सभी भक्तों महिला-पुरुष, बच्चे व बूढ़े मां मनसा के लिए कलश में जल लाने के लिए तलाब तक गए। रात में मां मनसा की पूजा अर्चना की गयी। पूजा पूरे विधि विधान के साथ की जाती है। इस दौरान सैकड़ों बत्तख और बकरों की बलि दी गयी। भक्त जन मां मनसा से परिवार की सुख-शांति की मंगल कामना किए। पूजा को लेकर भक्तों में उत्साह देखते ही बन रहा था। बतातें चलें कि बुंडू और तमाड़ में मां मनसा की पूजा घर-घर में की जाती है।

## कड़ी मेहनत से सफल होने वाले बच्चों के परिजन से घर जाकर मिले भाजपा नेता, किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के चोगा गांव में भाजपा नेता डॉ राजाराम महतो ने एक परिवार से जाकर मुलाकात की। उनके माता-पिता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अत्यन्त गरीब परिवार से आनेवाले इन तीनों बच्चों ने शिक्षा का अलख जगाकर क्षेत्र में एक उदाहरण पेश कर नाम रोशन किया है। इनके माता-पिता के कड़ी संघर्ष व बच्चों की मेहनत का सफल परिणाम है। इस परिवार से सीख व प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी, परिक्षित मंडल और समीर आदि उपस्थित थे।

## बेंती पंचायत के मुखिया पति गणेश भुइयां को पितृशोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बेंती पंचायत के समाजसेवी सह मुखिया पति गणेश भुईया के पिता जीतन भुईयां (78) का शनिवार अहले सुबह निधन हो गया। वह पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे और रांची के आर्किड अस्पताल में ईलाज चल रहा था। इस दिन तड़के तीन बजे उन्होंने ईलाज के दौरान अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। दोपहर बेंती के दामोदर नदी शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उधर, निधन की खबर से कोयलांचल में शोक की लहर है।



### स्टार हेल्थ के शिविर में हुई 110 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

# उन क्षेत्रों में शिविर लगायें जहां चिकित्सा सुविध नहीं: कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** स्टार हेल्थ के सौजन्य से तोरपा के नगर भवन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन तोरपा के भाजपा विधायक कोचे मुंडा ने किया। शिविर में पारस अस्पताल एचइसी रांची के चिकित्सा विशेषज्ञ की टीम ने मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया। मौके पर 110 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवा दी गई। डॉक्टरों की टीम ने कई मरीजों को चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। वहीं, विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से इस तरह के चिकित्सा शिविर लगाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होता है। ऐसी संस्थाओं को उन क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर लगाना चाहिए जहां




अस्पताल या अन्य चिकित्सा सुविधा नहीं है। स्टार हेल्थ के सेल्स मैनेजर सूरज मिर्धा ने कहा कि स्टार हेल्थ अपने ग्राहकों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करता रहता हैं। उन्होंने कहा कि स्टार हेल्थ लोगों को स्वास्थ्य बीमा संबंधी बेहतर सुविधा उपलब्ध कराता है। कार्यक्रम का संचालन एडवाइजर मधुसूदन जायसवाल ने किया। मौके पर असिस्टेंट डिविजनल मैनेजर जोय आचार्य, पारस अस्पताल के डॉ सुयश, डॉ नीतू और प्रशांत कुमार सहित कई चिकित्सा कर्मी मौजूद थे। शिविर में तोरपा के अंचलाधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, भाजपा नेता संतोष जयसवाल, दीपक तिग्गा, नीरज जयसवाल, वीरेंद्र यादव, मनोज यादव, राजेश उरांव, रामधनी सिंह, विवेक कुमार आदि ने अपना-अपना स्वास्थ्य जांच करवाया।

## तोरपा प्रखंड में 15 दिनों से नहीं हैं विद्युत अभियंता, खमियाजा भुगत रहे उपभोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड भले ही बिजली विभाग में अनुमंडल का दर्जा रखता हो, पर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खमियाजा वहां के विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। तोरपा में पिछले 15 दिनों से न तो सहायक विद्युत अभियंता और ना ही कनीय विद्युत अभियंता हैं। ऐसे में उपभोक्ता बिजली संबंधी शिकायत किससे करें। उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभाग के कार्यालय में हमेशा ताला लटका रहता है। जानकारी के अनुसार तोरपा के सहायक विद्युत अभियंता और कनीय विद्युत अभियंता का अन्यत्र स्थानांतरण हो गया, लेकिन किसी नये अभियंता की पदस्थापना तोरपा में नहीं की गई। ज्ञात हो कि तोरपा बिजली विभाग के अंतर्गत रनिया और कर्रा प्रखंड के सैकड़ों गांव आते हैं। दूर दराज के लोग जब किसी काम से बिजली विभाग जाते हैं, तो वहां ताला लटका देख निराश होकर लौट जाते हैं। बिजली संबंधी छोटी-मोटी समस्याओं का भी निराकरण नहीं हो पाता है। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश हैं।

## खलारी के पहाड़ी मंदिर पहुंचा अमेरिकन नागरिक

**खलारी (आजाद सिपाही)।** एक अमेरिकन नागरिक शनिवार को खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर पहुंचकर बजरंगबली का दर्शन किया। इस दिन सुबह 11 बजे वह खलारी पहाड़ी मंदिर पहुंचा और करीब आधे घंटे तक मंदिर प्रांगण में रूका रहा। पुजारी बृजराज दूबे से बातचीत के क्रम में उसने अपना नाम जलजिया बताया। कहा कि पिछले दो महीने से भारत में मंदिरों के दर्शन कर रहा है। वह जमशेदपुर



से खलारी आया था। गुगल के माध्यम से उसे खलारी के पहाड़ी मंदिर की जानकारी हुई थी। बस से खलारी आया और पैदल मंदिर तक पहुंचा। यहां दर्शन, प्रणाम कर चतरा के लिए रवाना हो गया। चतरा के बाद आगे बोधगया जाएगा। बृजराज दूबे ने बताया कि जलजिया ने बकायदा दंडवत कर परिसर के तीनों मंदिरों में प्रणाम किया। जलजिया ने बताया कि अभी सात-आठ महीने तक भारत भ्रमण कर हिंदू देवी देवताओं के दर्शन करेगा। हाल ही में उसके अन्य साथी भी भारत आए हैं। वे भी मंदिरों के दर्शन करेंगे।

# सांसद, विधायक और जिप सदस्य ने किया हर घर नल जल योजना का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर में नल जल योजना का शिलान्यास रांची सांसद संजय सेठ और हटिया विधायक नवीन जायसवाल, नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी ने शिलापट से पर्दा हटाकर और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर प्रखंड के देवरी, सुगदा, साहेर, बसिला, हरही, पलांडु, कतारप सहित गांव में एकल लघु ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के बाद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते सांसद संजय सेठ ने कहा कि मोदी सरकार गांव के चहुंमुखी विकास के प्रति कृतसंकल्पित है। मोदी सरकार ने पहले शौचालय दिया, फिर फ्री राशन वितरण किया, गांव की महिलाओं को गैस दिया और अब इसके बाद डिप बोरिंग करके हर हर घर में नल से पानी पहुंचाने की योजना के तहत आज शिलान्यास हुआ। इस मद में मोदी सरकार ने झारखंड को पर्याप्त पैसा चार साल पहले दिया लेकिन सरकार उस पैसे को खर्च करने में नाकाम साबित हो गयी। इस योजना के तहत 20 लोगों को एक पॉइंट से कनेक्शन मिलेगा और वही 20 लोग उस तंत्र की देखभाल करेंगे। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जनहित में यह योजना आमजन के लिए काफी लाभप्रद है। जेएमम कांग्रेस की सरकार सिर्फ घोषणा करने वाली सरकार है। मौके पर पूनम देवी, केदार महतो, राकेश केशरी, अफसाना प्रवीण, दिलीप तिर्की, बिरसु उरांव, सुनील कच्छप, शिवा कच्छप, कृष्णा महतो, कविता मिंज, चांद मिंज, गुड्डू उरांव, अजय कच्छप, राजकुमार केसरी, गिरधारी गोप सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## नगड़ी प्रखंड में सुख-समृद्धि एवं अच्छी वर्षा के लिए सावन महोत्सव सह रामचरित मानस पाठ का आयोजन




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** श्री मानस प्रचार मंडल के तत्वावधान आज दुर्गा मंदिर परिसर में नगड़ी प्रखंड में सुख-समृद्धि एवं अच्छी वर्षा के लिए एक दिवसीय सावन महोत्सव सह श्री रामचरित मानस का सस्वर पाठ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य सहित सैकड़ों ग्रामीण भाग ले रहे हैं। सावन महोत्सव सह श्री रामचरित मानस का सुन्दर काण्ड का पाठ का शुभारंभ हनुमान चालिसा पाठ का सस्वर कर किया गया। कार्यक्रम में रांची से आये मानस वाचक पवन शर्मा और उनकी टीम ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची सांसद और विशिष्ट अतिथि के रूप में हटिया विधायक नवीन जयासवाल, तपेश्वर केसरी सहित अन्य अतिथियों ने भाग लिया। मौके पर श्री मानस प्रचार मंडल नगड़ी के सदस्यों क्रमबद्ध सुन्दर काण्ड का सस्वर पाठ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर महाआरती और सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण कर श्री रामचरित मानस का सस्वर पाठ सह सावन महोत्सव का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल के अरविंद केसरी, हेमंत केसरी, संजीव केसरी, कमलेश केसरी, रामानंद केसरी, शंभू चौधरी, रघुनंदन केसरी, राजेश केसरी, सुरेश केसरी, अरुण प्रमाणिक, सुधीर भगत, शीला देवी, कमलेश चौधरी, सुमित चौधरी, संजीव केसरी, नितेश पाठक, लाला चौधरी, आलोक चौधरी, सत्यम चौधरी, दीपक केसरी, रामप्रवेश राम, देवानंद केसरी, आशुतोष पाठक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

## छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**रातू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 336/23 के आरोपी थाना क्षेत्र के मुरगू निवासी 45 वर्षीय विवाहित व्यक्ति प्रेम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ एक युवती ने शुक्रवार को रातू थाने में छेड़खानी का आरोप लगा प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रेम सिंह रंग रोगन का काम करता है। वह युवती के घर में ही काम कर रहा था। शुक्रवार को युवती के परिजन किसी काम से बाहर गये थे। युवती घर में अकेले थी। युवती को अकेला देख कर प्रेम ने उससे जबरदस्ती करने की कोशिश की। किसी तरह से युवती अपने आप को छुड़ाकर घर से बाहर आ गयी और परिजनों को इसकी जानकारी दी। इसके उपरांत प्रेम फरार हो गया। युवती द्वारा रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

## सड़क बनाने की मांग को लेकर रातू काठीटांड़ में महिलाओं ने बीच सड़क पर रोपा धान



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पूर्वी पंचायत में शनिवार को डोली महिला समूह व ग्रामीण महिलाओं ने जर्जर व सड़क को बनाने की मांग को लेकर बीच सड़क पर ही धान रोप दिया। महिलाओं का कहना है कि हमने मुखिया सुषमा तिर्की को जर्जर सड़क के निर्माण के लिए कई बार आवेदन दिया, परंतु मुखिया बनने के नौ साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नहीं हो पाया है। सड़क में बड़े बड़े गढ़े व गड्ढे में पानी भर जाने के कारण कई लोग घायल हो गये हैं। आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। गांव की ओर से इसी रास्ते से बच्चे भी स्कूल जाते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को ही हो रही है। पानी में जाने के कारण उनका ड्रेस भी खराब हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया का कहना है कि यह रोड विधायक फंड से बनेगा, परन्तु सालो साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नहीं हो रहा है। ग्रामीणों में पूर्व जिला परिषद सदस्य अकिलमा खातून, फरहा खातून, सुनीता देवी, चिंता देवी, लीला देवी, संजु देवी, प्रभा देवी, सरिता कुजूर के अलावा दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।

**बैठक :** कुरमी/कुड़मी को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा

# 20 सितंबर से अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम करने का निर्णय

**भारत सरकार जब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है तब तक आंदोलनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठेंगे : शीतल ओहदार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के लुपूंग पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा की एक बैठक जिलाध्यक्ष सोनालाल महतो की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि केन्द्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार थे। बैठक में मुख्य रूप से कुरमी/कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सुचीबद्ध करने की मांग को लेकर आगामी 20 सितंबर से अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया। रेल चक्का जाम आंदोलन की शुरुआत मुरी जंक्शन से की जाएगी, जहां प्रदेश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में समाज के लोगों को शामिल होने का आहवान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिया तमाम जिलों में पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया तथा पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई। मौके पर शीतल ओहदार ने कहा कि 20 सितंबर से रेल चक्का जाम आंदोलन ऐतिहासिक होगा। कहा कि भारत सरकार जब तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है तब तक अनिश्चितकाल के लिए आंदोलनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कोल्हान प्रमण्डल में प्रखण्ड स्तर पर इसकी तैयारी चल रही है। जहां प्रत्येक प्रखण्ड से हजारों की संख्या में लोग मुरी जंक्शन पहुंचेंगे।

बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष अजीत महतो, सुप्रेश महतो, दीपक महतो, साहेबराम महतो, राजेश महतो, बाबूराम महतो, बीरबल महतो, लक्ष्मण महतो, आशाराम महतो, गौरी महतो, किशोर महतो, बसंत चैधरी, लबू महतो, रंजन महतो, लगनलाल महतो, कैलाश महतो आदि मौजूद थे।

# अधिवक्ता संघ ने सिविल जज जूनियर डिवीजन के विज्ञापन में कट ऑफ डेट का किया विरोध

**डुमरी विधानसभा क्षेत्र में राजग प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार प्रसार का भी लिया निर्णय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की एक बैठक आज न्यू बार भवन के प्रथम तल्ला पर संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन के लिए प्रकाशित विज्ञापन में आयु सीमा के लिए कट ऑफ डेट 31 जनवरी 2023 रखे जाने का विरोध किया गया। बैठक में कहा गया कि वर्ष 2016 के बाद वर्ष 2023 में सिविल जज जूनियर डिवीजन के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। करीब सात साल के बाद विज्ञापन आने से बहुत अभ्यर्थियों की उम्र सीमा समाप्त हो गयी है, जिससे वे फार्म भरने से वंचित हो जा रहे हैं और न्यायिक पदाधिकारी बनने का सपना चकनाचूर हो जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल उम्र सीमा में पांच वर्ष की छूट देने की मांग को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं विरोधी दल के नेता समेत सभी पार्टियों के विधायकों से मिलकर ज्ञापन सौंपने का कार्य करेंगे। बैठक में डुमरी विधानसभा उपचुनाव पर भी चर्चा की गयी एवं राजग प्रत्याशी यशोदा देवी की जीत सुनिश्चित करने के लिए डुमरी विधानसभा क्षेत्र में जाकर राजग प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में डा प्रकाश झा, रेखा वर्मा, सचिव गोपेश्वर सिंह, निरंजन राम, सतेन्द्र सिंह, एन के मुरलीधर, रांची जिला अध्यक्ष अंजित कुमार, बिपिन बिहारी देवरत्न, एहसान अंसारी, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## इटकी में निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी के सेमरा गांव स्थित स्वर्णिम संध्या ओल्ड एज होम परिसर में रविवार 20 अगस्त को बाबा अस्पताल, रांची के सौजन्य से मेघा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में चर्चित डा. करूणा शाहदेव सहित 15 चिकित्सकों की एक टीम बीपी, पल्स, शुगर, हाट सहित कई अन्य रोगों से पीड़ित लोगों की जांच करेगी। साथ ही जांच के बाद बिमार लोगों को दवा भी उपलब्ध करायी जायेगी।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रोगो गांव में शुक्रवार की शाम लगभग पौने छह बजे चरिमा दोहर में धान रोपाई के लिए सिंचाई करने गए 24 वर्षीय युवक बैजन लकड़ा की विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से करंट लगने के कारण घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस संदर्भ में मृतक के भाई टाइगर लकड़ा व विशेश्वर लकड़ा ने बताया कि वे तीनों भाई अपने पिता के साथ चरिमा दोहर के समीप धान रोपाई करने को लेकर खेत में पटवन के लिए मशीन में तार जोड़ रहा था। इसी बीच वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिसे भाई टाइगर लकड़ा व विशेश्वर लकड़ा ने कपड़ा से पकड़कर खींच कर हटाया और आनन फानन में स्वजनों व ग्रामीणों के सहयोग उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लाया गया। जहां डा. मेघा भगत ने जांचोपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं बेड़ो थाना पुलिस ने शव बरामद कर शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

# शहीद प्रमोद महतो व शमीम अंसारी की शहादत दिवस पर प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज में मेधा प्रतियोगिता आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी ।** शहीद प्रमोद महतो व शमीम अंसारी के 20वें शहादत दिवस के अवसर पर प्रेमचंद महतो स्कूल सह इंटर कॉलेज में मेधा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रेमचंद महतो स्कूल व इण्टर कॉलेज के बालक-बालिकाओं के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बतौर अतिथि जिला परिषद की अध्यक्षा निर्मला भगत के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। बालक वर्ग में स्कूल के लड़कों न व बालिका वर्ग में इंटर कॉलेज की लड़कियों ने बाजी मारी। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख प्रेमचंद महतो, प्रमुख सोमनाथ मुण्डा, जिप सदस्य संजय महतो, मनरखन महतो, राम लखन मेहता, मुखिया कुशल मुंडा, सुशीला देवी, कुशल महतो, सूर्य प्रकाश, कॉलेज के प्राचार्य उमेश यादव, स्कूल के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र प्रसाद, अनिता रानी, सुधा तिवारी, श्रीकांत महतो, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** रातू बिजुलिया नुरुल उलूम मदरसा में शपथ ग्रहण सह सम्मान सभा का आयोजन

# नवनिर्वाचित रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदस्यों को कराया गया शपथ ग्रहण

**चुनाव संचालन समिति व नवनिर्वाचित कमेटी को किया गया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के बिजुलिया स्थित मदरसा नुरुल उलूम में शुक्रवार को शपथ ग्रहण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। चुनाव कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया। चुनाव का सफल संचालन में मुख्य योगदान देने वाले चुनाव संचालन समिति व नवनिर्वाचित कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, सचिव अनिसुल रहमान, उप सदर अंजुम खान, उप सचिव मोख्तार अंसारी व खजांची अजमुल हक को पगड़ी, माला और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मुसलमान आज शिक्षा के क्षेत्र में काफी पीछे हैं, जरूरत है आने वाले दिन में कौम के बीच में शिक्षा का अलख जगाने की, जब तक बच्चों के बीच में शिक्षा का अलख नहीं जगेगा तब हमारा विकास संभव नहीं है।

कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि रांची जिला जिप अध्यक्षता निर्मला बीरेंद्र भगत, पद्मश्री मधु मंसूरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, आजसू नेता भरत कांसी, जोहर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विजय कुशवाहा, झामुमो के केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, आजसू नेता चिंटू मिश्रा मौजूद थे। उन्होंने कमेटी के नव नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया।

कार्यक्रम में कमेटी के पूर्व सदर कमरुल हक, शमीम बड़ेहार, अक्लिमा खातून, खलिल अंसारी, अमन राज, मुजीबुल्लाह अंसारी, रेयाजुल अंसारी, खैरुद्दीन अंसारी, नौशाद आलम, रजब अली, मियांजान अंसारी, अजीज अंसारी, जेयाउल हक, वसीम अंसारी व अमन ग्रुप के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से निशुल्क आंख जांच शिविर आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत के खभावन गांव में शनिवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची की ओर से निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बदरी, खभावन, भुकभूकिया, बुटगोड़ा आदि गांव के 150 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करायी। जिसमें दस लोगों में मोतियाबिंद का लक्षण पाये गये। जिनका रांची कोकर स्थित निरामया अस्पताल में निशुल्क इलाज किया जाएगा। आंख जांच करने वाले लोगों में से 50 लोगों को कटहल, जामुन, नीम, करंज आदि के दो-दो पौधे भी दिया गया। मौके पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी राजीव चैतन्य महराज, नवागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया, संतोष कुमार चिरंजीवी मंडल, जगेश्वर बेदिया आदि लोग शामिल थे।

### हरही गंगा धारा शिव मंदिर में भव्य रुद्र महाभिषेक का आयोजन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के हरही गांव स्थित प्राचीन गंगाधारा शिव मंदिर प्रागंण में रुद्र महाभिषेक का आयोजन किया गया। पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नीरज शाही और उनकी धर्मपत्नी नेहा शाही ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान शिव प्रतीक शिवलिंग को फुलों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। पूजा के बाद महाआरती की गई और श्रदालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर बंसत शाही, हर्षवर्धन पाण्डे, इसेश शाही, विशाल केशरी, अमित गोप, विक्की सहित दर्जनों भक्तगण उपस्थित थे।

### अनगड़ा के नये थाना प्रभारी बने दिलेश्वर कुमार, लिया पदभार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा थाना के नये थानेदार दिलेश्वर कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान थाना प्रभारी नवीन कुमार का तबादला कांके थाना में किया गया है। पदभार ग्रहण के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए नए थाना प्रभारी दिलेश्वर कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जनता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण और क्षेत्र में शाति व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच मित्रता की भावना पैदा कर क्षेत्र में बेहतर व भयमुक्त वातावरण तैयार करना है। उन्होंने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को और बेहतर बनाने में जनता के सहयोग की अपेक्षा की। थाने में कार्यरत पुलिस कर्मियों नें नए थाना प्रभारी का स्वागत किया। मालूम हो कि निर्वतमान थाना प्रभारी नवीन कुमार अपने तीन माह के कार्यकाल के दौरान जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सके तथा इस बीच कई ऐसी घटनाएं भी हुईं जिसमें वे विवादों में रहे।

### चान्हो में दोनों मृतकों के शवों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए बंधु तिर्की



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** रांची जिले के चान्हो प्रखंड के तरंगा पंचायत निवारटोली में कल घटी घटना में अपनी पत्नी 26 वर्षीय कुंवारी करकेट्टा की हत्या के बाद उसके पति 30 वर्षीय सूरज उरांव ने आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पूरे गांव और क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ था। आज दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिसमें पूर्व मंत्री सह झारखण्ड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की चान्हो के तरंगा नवा टोली पहुंचे और मृतकों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। घटना पर शोक जताते हुए शोक संतप्त परिवार वालों को सांत्वना देकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. मोजीबुल्लाह, पंचायत अध्यक्ष रोपना उरांव, विधायक प्रतिनिधि चरवा उरांव, भुवाल टाना भगत, कांग्रेस नेता मुख़्तार अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में कवि सम्मेलन सह काव्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को झारखंड लेखक संघ के द्वारा कवि सम्मेलन व काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप जलाकर किया। जहां बच्चों ने प्रकृति पेड़ बचाओ, बेटी मां व पर्यावरण पर स्वयं कविता लिखी और सुनाई जिसमें से तीन बच्चों संदली संविधा, अनिकेत पाठक और नैतिक शौर्य का चयन राज्य स्तरीय काव्य प्रतियोगिता के लिए किया गया। जिसका प्रशिक्षण झारखंड लेखक संघ के द्वारा किया जायेगा। कवि सम्मेलन में झारखंड लेखक संघ के संस्थापक चंदन प्रजापति,संयोजक ऋषभ कुमार,कुमार संजय,सची त्रिपाठी, अमन प्रियदर्शी,अंकिता सिन्हा, प्रकाश बड़ाइक,डा सुरिंदर कौर नीलम ने बच्चों के बीच अपनी रचनाएं पेश की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया और आगे उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने सभी कवियों को शॉल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के 31 बच्चों ने स्वयं से लिखकर काव्य प्रतियोगिता में भाग लिया। उनमें जहरा परवीन, सबनम चाहत, माही कुमारी, प्रभाष कुमार,नैतिक शौर्य, बजरंग मुंडा,अनिकेत पाठक,सृजल कुमारी,संदली संबिधा,चांदनी कुमारी,साक्षी सिंह,साक्षी गोप, आकृति गुप्ता,रिया सिंह,सुगंधा भगत, आश्रिता बेक, रानी कुमारी, जुनी परवीन, जारा परवीन, वैष्णवी गुप्ता, कोमल कुमारी , और ज्योति कुमारी, एवं शिक्षकों में संदीप कुमार सिंह और अंजू पांडे ने स्वयं से कविता लिखकर कविता सुनाई, झारखंड लेखक संघ के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

